(ख) 'बंदर पेड़ के ऊपर बैठा है।' इस वाक्य में संबंधबोधक है-

बंदर ○ के ऊपर ○ पेड़ ○

(ग) 'तुम अख़बार पढ़ोगे या पत्रिका।' इस वाक्य में समुच्च्यबोधक है-

या ○ अख़बार ○ पत्रिका ○

(घ) विस्मयादिबोधक शब्द प्रकट करते हैं-

शोक का भाव ○ हर्ष का भाव ○ दोनों ही ○

2. *संबंधबोधक अव्ययों से रिक्त स्थान भरिए-*

(क) अचानक शेर ________ आ जाने से रितेश के होश उड़ गए। (के सामने/के पीछे)

(ख) बैंक ________ कितनी गाड़ियाँ खड़ी हैं। (के अंदर/के बाहर)

(ग) बुखार ________ वह ऑफिस से वापस आ गया। (के कारण/से पहले)

3. *निम्नलिखित क्रियाविशेषण शब्दों से वाक्य बनाइए-*

(क) जल्दी-जल्दी ________

(ख) रोज़ाना ________

(ग) अंदर ________

(घ) धीरे-धीरे ________

4. *वाक्यों में से विस्मयादिबोधक शब्द छाँटकर लिखिए-*

(क) छिः! कितनी गंदगी है। ________

(ख) अरे! तुम कहाँ चले गए थे? ________

(ग) बाप रे! इतनी ज़्यादा भीड़। ________

(घ) शाबाश! तुमने बहुत सुंदर मूर्ति बनाई। ________

मौखिक प्रश्न

5. *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-*

(क) पाँच संबंधबोधक शब्द बताइए।

(ख) विस्मयादिबोधक शब्दों से आप क्या समझते हैं?

लिखित प्रश्न

6. *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-*

(क) क्रियाविशेषण किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

(ख) समुच्चयबोधक अव्यय किसे कहते हैं?